

## गुस्ताखी माफ

मिलीभगत के बिन कहां, होते ऐसे काम।
मिलीभगत का मित्रवर, है सारा परिणाम।
है सारा परिणाम, डालिए जमकर गोबर।
अफसर सब चुपचाप, बने रहते हैं सोबर।
कह साहिल कविराय, तरीके यही जगत के।
होते ऐसे काम, कहां बिन मिलीभगत के।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 100 | TUESDAY 21-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# ग्लाडा की अप्रूवड कॉलोनी की जगह चंद कदम दूर इललीगल इमारतों को बढ़ावा देने में जुटे अधिकारी







### 25 फीट की सड़क पर हो रहा निर्माण

इलाका निवासियों के मुताबिक कीज होटल की बैक साइड पर 55 फीट का सुआ है। जबकि उसके साथ 25 फीट की सड़क गुजर रही है। उक्त बाहुबलियों द्वारा उसी सड़क पर कमर्शियल निर्माण धड़ल्ले से किए जा रहे हैं। यह निर्माण आज से नहीं बल्कि कई दिनों से जारी है। इलाका निवासियों के अनुसार यह रोड कमर्शियल है। लेकिन उसके बावजूद भी अगर कमर्शियल निर्माण करना है, तो पेपरा एक्ट की शर्तें फॉलो करनी जरुरी है। लेकिन बिल्डिंग मालिक सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए निर्माण कर रहे हैं।

### ग्लाडा की स्कीम फेल करने में जुटे बाहुबली

दरअसल, ग्लाडा की ओर से इसी रोड पर एक कॉलोनी काटी, जो पुड्डा अप्रूवड भी है। वहां पर अगर कोई कमर्शियल निर्माण करता है, तो नियमों के तहत हर सुविधा ग्लाडा द्वारा मुहैया करवाई जा रही है। जहां पर बिल्डिंग के आगे करीब 200 फीट की पार्किंग सुविधा भी मिल रही है। ज्यादा सुविधाएं होने के चलते उसका रेट भी वैसा है। लेकिन बाहुबलियों द्वारा सड़क पर कमर्शियल इमारतें बनाई जा रही है। जिसके न तो नक्शे पास है और न ही पास हो सकते हैं। वहीं बिल्डिंग के आगे पार्किंग सुविधा भी नहीं है। उन्होंने जानबूझकर रेट भी कम रखे हैं। कम रेट होने के चलते लोग अवैध इमारतों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। जिसके चलते बाहुबली अपनी इमारतें बनाकर बेचने के मकसद से ग्लाडा की स्कीम फेल करने में जुटे हैं।

### सरकारी खजाने को पहुंच रहा नुकसान

ग्लाडा द्वारा उक्त कॉलोनी 80-20 की स्कीम के तहत काटी और वह पुड्डा अप्रूवड की गई। इस स्कीम में ग्लाडा जमींदारों से जमीन लेती है। इस कॉलोनी में जमीनें बेचकर सरकार को भारी मुनाफा होगा। लेकिन अवैध कार्य कर रहे लोगों द्वारा उसी जगह अपनी इमारतें बना बेचने पर जोर दे रखा है, जबकि चर्चा है कि अधिकारी भी उनके समर्थन में हैं। जिससे सभी द्वारा आपसी मिलीभगत करके सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। ग्लाडा के अधिकारियों को लेकर आए दिन नए खुलासे होते रहते हैं। अब एक नया मामला कीज होटल की बैंक साइड पर पड़ती सड़क का सामने आया है। जहां पर ग्लाडा की ओर से अपनी अप्रूवड कॉलोनी काट रखी है। लेकिन ग्लाडा के अधिकारी उस कॉलोनी में जमीनें सेल कराने के प्रयास करने की जगह चंद कदम दूर ही बन रही इललीगल इमारतों को बढ़ावा देने में जुटे हुए है। हालांकि पेपरा एक्ट (पंजाब अपार्टमेंट और संपत्ति विनियमन अधिनियम, 1995) के नियमों के तहत उक्त इललीगल इमारतें बन नहीं सकती। लेकिन फिर भी बाहुबलियों द्वारा एक-दो नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक इमारतें बनाई जा रही है। मगर ग्लाडा के अधिकारी या तो कार्रवाई न करने के मकसद से इसे देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं या आपसी मिलीभगत के बाद ही यह निर्माण करवाए जा रहे हैं। इलाका निवासियों का आरोप है कि उन्होंने इस संबंधी कई बार जेई अमनदीप सिंह से शिकायत की, लेकिन फिर भी निर्माण जारी है। जिसके बाद इन सब से परेशान होकर इलाका निवासियों द्वारा ग्लाडा सीए संदीप कुमार और एसीए को शिकायत की है। अब देखना होगा कि उक्त शिकायत पर उच्च अधिकारियों द्वारा कोई एक्शन लिया जाता है या नहीं।

# उधमपुर बस हादसे में 21 लोगों की मौत; जांच के आदेश, राहत कार्य जारी

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के रामनगर के पास उधमपुर जा रही एक बस खाई में गिर गई, जिससे 21 लोगों, जिनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं, की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। बचाव और राहत कार्य जारी हैं और इस मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

हादसे के शिकार हुए ज्यादातर लोग स्थानीय निवासी थे, क्योंकि यह दुर्घटना सुबह के समय हुई थी, जब लोग उधमपुर शहर स्थित ज़िला मुख्यालय में अपने दफ़्तरों या अन्य कामों के लिए जा रहे थे। मरने वालों में एक दंपत्ति रोमल सिंह और उनकी पत्नी शारदा देवी भी शामिल थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जानमाल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की।



### रामनगर उपमंडल के कागरोट गांव के पास हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा रामनगर उपमंडल के कागरोट गांव के पास हुआ। बस नंबर जेके-14डी-212 का चालक पहाड़ी सड़क के सबसे ऊंचे बिंदु पर 'यू-टर्न' लेते समय बस से नियंत्रण खो बैठा। खाई में 100 मीटर नीचे लुढ़कते हुए बस ने एक तिपहिया वाहन (थ्री-व्हीलर) को भी टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जहां 19 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गंभीर रूप से घायल दो अन्य लोगों ने उधमपुर ज़िला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 21 हो गई।

### बस पहाड़ी रास्ते से नियंत्रण खो बैठी

उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने बताया कि रामनगर से उधमपुर जा रही एक बस पहाड़ी रास्ते पर नियंत्रण खो बैठी और ढलान से नीचे खाई में गिर गई। नीचे सड़क पर औंधे मुंह गिरने के बाद बस ने एक ऑटो-रिक्शा को भी कुचल दिया। घटनास्थल पर 15 यात्रियों के शव मिले, जबकि चार अन्य ने बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि खाई में बस के पलटने के कारण हताहतों की संख्या और भी ज्यादा हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उस इलाके से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने, जिसमें एक क्रेन भी शामिल थी, तत्काल बचाव कार्यों में हाथ बंटाया। उन्होंने बताया कि सेना के जवान कुछ ही मिनटों में नीचे उतर गए और उन्होंने बस को सीधा कर दिया।

### 100 मीटर की ऊंचाई से बस नीचे गिरी

उधमपुर से आ रहे सेना के काफिले का नेतृत्व कर रहे एक सैनिक ने बताया कि बस लगभग 100 मीटर की ऊंचाई से नीचे गिरी थी। उन्होंने आगे कहा, हमने तुरंत इलाके को सुरक्षित कर लिया और बचाव अभियान शुरू किया, जिससे बड़ी मुश्किल से कई कीमती जानें बचाई जा सकीं, जिनमें पुरुष और महिलाएं भी शामिल थीं। बस पूरी तरह से मलबे के ढेर में बदल गई थी, जिससे बचाव दल के लिए पीड़ितों को बाहर निकालना बेहद मुश्किल हो गया था। बचाव कार्य के दौरान स्थानीय निवासियों ने काफी मदद की। पुलिस की टीमें, जिनमें सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस, SHO रामनगर और अन्य अधिकारी शामिल थे, मौके पर पहुँचीं।

Uturn Time 21 Apr 2026_Layout 2 20-04-2026 23:29 Page 2



## कार और ट्रक की टक्कर में एनआरआई बहू की मौत, सास के साथ लुधियाना जा रही थी, ड्राइवर को नींद आने से हादसा

जालंधर/यूटर्न/20 अप्रैल। जालंधर में नेशनल हाईवे पर सोमवार करीब 4 बजे कार और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में एनआरआई बहू की मौत हो गई, जबकि उसकी सास और ड्राइवर सुरक्षित बच गए। वह गुरदासपुर के डेरा बावा नानक से लुधियाना की ओर जा रही थीं। ट्रक बीच सड़क पर खड़ा हुआ था। शुरूआती जांच में हादसा कार ड्राइवर को नींद आने के कारण बताया जा रहा है, लेकिन अभी पुलिस इसकी जांच कर रही है। मृतक महिला की पहचान सिमरनजोत कौर (27) के नाम से हुई, जो लुधियाना की रहने वाली थी। महिला के शव को पुलिस ने जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, बहू सिमरनजोत कौर (27) और राजविंदर कौर कार में सवार होकर डेरा बावा नानक की तरफ से लुधियाना की ओर जा रहीं थी। ड्राइवर उनकी गाड़ी चला रहा था। शाम करीब 4 बजे उनकी कार जालंधर-लुधियाना नेशनल हाईवे पर रामगढ़ बाईपास पर पहुंची। फिल्लौर नामधारी वर्कशाप के पास बजरी से भरा ट्रक बीच सड़क पर खड़ हुआ था, जिससे उनकी कार की टक्कर हो गई। हादसा इतना तेज था कि सिमरनजोत कौर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सास राजविंदर कौर और उनका ड्राइवर सुरक्षित बच गया।



### पुलिस ने दोनों वाहन जब्त किए

इसी बची किसी ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) के इंचार्ज जसविंदर सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि यह हादसा कार ड्राइवर को नींद आने के कारण हुआ है। हालांकि अभी जांच की जा रही हैं। मृतक महिला के परिवार को घटना की सूचना दे दी गई है। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के लिए उसे सिविल अस्पताल में रखवाया गया है।

## आईटी पार्क थाना पुलिस ने महिंद्रा पिकअप से इंजन वायर चोरी करने वाला आरोपी दबोचा

अजीत झा.

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। आईटी पार्क थाना पुलिस ने महिंद्रा पिकअप से इंजन वायर चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई इंजन वायर भी बरामद कर ली गई है। यह कार्रवाई एसपी के.एम. प्रियंका के निदेशों और डीएसपी विजय कुमार की अगुवाई में गठित टीम द्वारा की गई, जिसमें आईटी पार्क थाना प्रभारी मिनी भारद्वाज को शामिल किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सागर पुत्र राज कुमार, निवासी मनीमाजरा, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी की उम्र 27 वर्ष है। वह आठवीं पास है और फिलहाल बेरोजगार बताया गया है। पुलिस के मुताबिक रविवार को सुभाष नगर निवासी शिकायतकर्ता सुमित शर्मा ने थाना आईटी पार्क में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 18 अप्रैल को करीब शाम 4:30 बजे उन्होंने अपनी सफेद रंग की महिंद्रा पिकअप (नंबर HR45D-7953) सुभाष नगर की फ्री पार्किंग में खड़ी की थी। बाद में वाहन से इंजन वायर चोरी कर ली गई।

शिकायत के आधार पर थाना आईटी पार्क में एफआईआर नंबर 40 दिनांक 19 अप्रैल 2026 दर्ज की गई। जांच के दौरान एएसआई हुशिंदर सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सागर के खिलाफ थाना आईटी पार्क और संबंधित न्यायालय रिकॉर्ड में पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

# नगर परिषद चुनाव: शिरोमणि अकाली दल ने फूंका चुनावी बिगुल

-चरणजीत सिंह चन्ना-

जगरांव/यूटर्न/20/अप्रैल। पंजाब में नगर परिषद चुनावों की आहट के साथ ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। शिरोमणि अकाली दल (रअऊ) ने इस चुनावी जंग में बाजी मारते हुए आधिकारिक तौर पर अपने अभियान का आगाज कर दिया है। सोमवार को वार्ड नंबर 8 में आयोजित एक विशाल जनसभा के दौरान ढोल की थाप के बीच शंकर को पार्टी का पहला उम्मीदवार घोषित किया गया।

### वार्ड नंबर 8 से 'शंकर' होंगे उम्मीदवार



### 'नरक' से मुक्ति दिलाएंगे: शंकर उम्मीदवार घोषित होने के बाद शंकर ने भावुक होते हुए कहा:

₹गांधी नगर के लोग पिछले लंबे समय से नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (अअढ) के शासन ने जनता को सिर्फ दुखों के सिवा कुछ नहीं दिया। अब हमने इन पार्टियों को तिलांजलि दे दी है। जीत के बाद मेरा पहला लक्ष्य वार्ड को इस बदहाली से बाहर निकालना होगा।₹ उन्होंने संकल्प लिया कि वे भारी मतों से जीतकर यह सीट एस.आर. कलेर की झोली में डालेंगे।

सभी वार्डों पर अकेले चुनाव लड़ेगा अकाली दल: एस.आर. कलेर

पूर्व विधायक और हलका इंचार्ज एस.आर. कलेर ने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि आज वार्ड नंबर 8 से पहले उम्मीदवार का ऐलान कर पार्टी ने अपनी रणनीति साफ कर दी है।

उन्होंने स्पष्ट किया: शिरोमणि अकाली दल सभी वार्डों में 'तखड़ी' (तराजू) के चुनाव चिन्ह पर अकेले चुनाव लड़ेगा।

आगामी कुछ दिनों में बाकी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी कर दी जाएगी।

शहर की जनता कांग्रेस और 'आप' की नीतियों से परेशान हो चुकी है और अब उनका झुकाव अकाली दल की ओर है।

कलेर ने दावा किया कि नगर परिषद के सभी वार्डों पर जीत दर्ज कर अकाली दल अपना प्रधान बनाने में सफल होगा।

इस महत्वपूर्ण घोषणा के दौरान पूर्व सीनियर उप- अध्यक्ष दविंदरजीत सिंह सिद्धू, जत्थेदार तरलोचन सिंह, टहल सिंह अखाड़ा, गुरमीत सिंह अजीत नगर, अध्यक्ष जागर, अध्यक्ष सुरजीत, प्रधान बिट्टू, अध्यक्ष मेशी, नाजक अली, शौकी, खुशी, निमा, रेशमा रानी, गीता रानी, निमो रानी, काका समेत बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

### जनता की सहमति से हुआ उम्मीदवार का चयन

*वार्ड नंबर 8 के निवासियों ने अकाली दल के झंडे तले एक बड़ी बैठक की। इस दौरान मोहल्ले के विभिन्न वर्गों के प्रधानों और गणमान्य व्यक्तियों ने सर्वसम्मति से शंकर के नाम का प्रस्ताव रखा। जनता के भारी उत्साह और आपसी सहमति को देखते हुए हलका इंचार्ज एस.आर. कलेर ने तुरंत उनके नाम पर मुहर लगा दी। घोषणा होते ही पूरा इलाका 'शिरोमणि अकाली दल जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा।*

# चंडीगढ़ के रिहायशी इलाकों में प्रस्तावित बीएंडबी नीति का CRAWFED ने किया विरोध

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रिहायशी मकानों में प्रस्तावित बेड एंड ब्रेकफास्ट (B&B) आवास नीति को लेकर सोमवार को यूटी गेस्ट हाउस में चंडीगढ़ प्रशासन के पर्यटन निदेशक द्वारा CRAWFED के सदस्यों की बैठक बुलाई गई। बैठक में इस ड्राफ्ट नीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में CRAWFED के चेयरमैन हितेश पुरी के साथ संगठन के प्रमुख पदाधिकारी रजत मल्होत्रा, राजेश राय, जोगिंदर सिंह, धर्मपाल, अजय कुमार, अमनदीप सिंह, अमृतपाल सिंह और सुशील मल्होत्रा उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान CRAWFED ने पर्यटन विभाग की प्रस्तावित बीएंडबी नीति का जोरदार विरोध किया। संगठन ने कहा कि इस नीति से शहर की कानून व्यवस्था, नागरिक ढांचे और रिहायशी क्षेत्रों के मूल स्वरूप पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सदस्यों ने विशेष रूप से पार्किंग जाम, पड़ोसी निवासियों को होने वाली असुविधा और रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों के बढ़ने की आशंका जताई। उनका कहना था कि यदि इस प्रकार की गतिविधियों को अनुमति दी गई तो आवासीय क्षेत्रों का शांत वातावरण प्रभावित होगा। फेडरेशन ने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव चंडीगढ़ प्रशासन की उस लंबे समय से चली आ रही नीति के विपरीत है, जिसमें रिहायशी क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाता रहा है। CRAWFED के चेयरमैन हितेश पुरी ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन यह शहर के नियोजित, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रिहायशी सेक्टरों की शांति की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि इस प्रस्तावित नीति पर पुनर्विचार किया जाए और ऐसा निर्णय लिया जाए जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिले तथा चंडीगढ़ के रिहायशी क्षेत्रों की पहचान और शांति भी बनी रहे।



Uturn Time 21 Apr 2026_Layout 2 20-04-2026 23:29 Page 3






पेज 06 श्री खाटू श्याम मंदिर कोहाडा में बही हरिनाम संकीर्तन...

# लुधियाना के अस्पतालों में डेंगू के 300 से अधिक मरीज, स्वास्थ्य विभाग ने कहा एक पॉजिटिव

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 20 अप्रैल। जिले में विभिन्न अस्पतालों में जिम सरकारी अस्पताल भी शामिल है डेंगू के 300 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं परंतु स्वास्थ्य विभाग ने इनमें से एक मरीज में डेंगू के पॉजिटिव होने की पुष्टि की है स्वास्थ्य विभाग में जिस मरीज में डेंगू पॉजिटिव होने की बात कही है वह बहादुरके रोड के समीप आंनद कालोनी का रहने वाला है क्योंकि स्वास्थ्य अधिकारी भी स्थिति को थोड़ा गंभीरता से ले रहे हैं जिसके चलते उन्होंने सैटिनल सर्विलेंस सेंटरों में टेस्टिंग तेज कर दी है। चार सैटिनल सर्विलेंस सेंटरों सिविल अस्पताल लुधियाना, सब डिवीजनल अस्पताल खन्ना, जगराओं व रायकोट में डेंगू के संदेह में तीन सौ से अधिक मरीजों के सैंपल टैस्ट किए जा चुके हैं, यह सैंपल विभिन्न अस्पतालों में पॉजिटिव आज के मरीजो के हैं जिन्हें क्रॉस सैंपलिंग के नाम पर नेगेटिव करार दिया जा चुका है स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि डेंगू जांच के लिए एलिजा विधि ही सर्वोत्तम है परंतु अस्पतालों से




## हर शुक्रवार डेंगू पर वार कैंपेन की आई याद

स्वास्थ्य अधिकारियों को कहना है कि डेंगू के लारवा को पैदा होने से रोकने के लिए शुक्रवार को पूरे राज्य में 'हर शुक्रवार डेंगू ते वार' कैंपेन शुरू कर दी गई, जिसके तहत एंटी लारवा विंग की टीमों ने लुधियाना में करीब एक जगह की चैकिंग की। इस दौरान चंद्र नगर, सुनेत, साबुन बाजार, दाना मंडी, इडब्लयूएस कालोनी, अशोक नगर, टिब्बा रोड, हरगोबिंद नगर, एमसीएल कालोनी, आजाद नगर व रणजीत नगर में चैकिंग की। इस दौरान सुनेत में एक वाटर कूलर से डेंगू का लारवा मिला, जिसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया।

## हर शुक्रवार सुबह 9 से 10 बजे तक चैक होंगे हॉटस्पॉट

हालांकि जिला स्वास्थ्य विभाग जिले में डेंगू के केसों को नकारता आ रहा है परंतु डेंगू के खतरे के मद्देनजर स्टेट हैडक्वार्टर ने हर शुक्रवार डेंगू ते वार मुहिम के तहत सुबह 9 से 10 बजे तक हॉटस्पॉट ( डेंगू के सबसे संभावित इलाको) को चैक करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। अर्बन एरिया में डोर टू डोर सर्वे टीमें बनाने के निर्देश दे दिए गए हैं। इन टीमों में सेहत विभाग के कर्मचारियों के अलाधा नर्सिंग, मैडीकल व फामेर्सी कालेजों के स्टूडेंट्स, नगर निगम का कर्मचारी, रेजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन एनजीओ या विलेज हैल्थ सैनिटेशन कमेटी के कर्मचारी शामिल होंगे।

## अस्पताल देते हैं गलत रिपोर्ट तो क्यों नहीं करता सेहत विभाग कार्रवाई

लोगों का कहना है कि अगर अस्पताल डेंगू के मामले में गलत रिपोर्टिंग दे रहे हैं तो स्वास्थ्य विभाग उन पर कार्रवाई क्यों नहीं करता उनका कहना है कि अस्पतालों ने 300 मरीजों में डेंगू पॉजिटिव होने की बात कही परंतु स्वास्थ्य विभाग ने एक मरीज में डेंगू पॉजिटिव होने की रिपोर्ट पेश की है अगर 299 मामले झूठ है तो स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों पर क्या कार्रवाई की है ?

## एलिजा टेस्ट आता है विकली पॉजिटिव परंतु स्वास्थ्य विभाग नहीं करता जांच

विशेषज्ञों का कहना है कि एलिजा विधि से की गई डेंगू की जांच में पहली बार टेस्ट नेगेटिव आता है परंतु एक सप्ताह बाद दोबारा जांच करने में सही स्थिति का आकलन हो पाता है विशेष परिस्थितियों में इस कराना आवश्यक है परंतु अधिकतर मामलों में मरीज इसी बीच ठीक होकर घर जा चुके होते हैं परंतु स्वास्थ्य विभाग में अपनी कारगुजारी दिखाने के लिए नेगेटिव आई रिपोर्ट को ही सही बनाकर पेश करता है और वीकली टेस्ट के लिए कभी प्रयास नहीं करता नाही सीबीसी टेस्ट दोहराए जाते हैं।

**एकत्रित किए गए पुराने सैंपलों की दोबारा एलिजा विधि से जांच करना कई प्रकार के संशय पैदा करता है।**

# अमरनाथ यात्रा रजिस्ट्रेशन में आ रही दिक्कतों को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा



लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। श्री शिव शक्ति सेवा दल ने अमरनाथ यात्रा के दौरान आ रही समस्याओं के संबंध में डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर समाजसेवी एवं एक्टिव एंटी करप्शन के प्रधान रमेश बांगड़, आप पार्षद गुरप्रीत राजू बाबा, शम्मी चौहान, गौरव मल्होत्रा, चिराग अरोड़ा और प्रिंस अरोड़ा मौजूद रहे। ज्ञापन में बताया गया कि पहले सिविल अस्पताल में रजिस्ट्रेशन को लेकर आ रही दिक्कतों को विधायक अशोक प्रशर पप्पी के दिशा-निर्देशों पर हल कर लिया गया था, लेकिन अब पीएनबी की 5 शाखाओं में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों में केवल 90 टोकन दिए जा रहे हैं, जिससे लंबी कतारें लग रही हैं। सेवा दल ने मांग की कि बैंकों में काउंटरों की संख्या बढ़ाकर कम से कम चार की जाए और टोकन संख्या भी बढ़ाई जाए, ताकि अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# वार्ड 73 में निःशुल्क योग कक्षाएं शुरू, शाम मल्होत्रा ने प्लॉट दान किया



लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। वार्ड 73 समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए श्री शाम मल्होत्रा ने अपने घर के सामने स्थित प्लॉट को भारतीय योग संस्थान को निःशुल्क योग कक्षाओं के लिए उपलब्ध कराया है। सुबह 6 से 7 बजे तक चलने वाली इन कक्षाओं का उद्देश्य वार्ड 73 के निवासियों को स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। भारतीय योग संस्थान ने इस नेक कार्य के लिए श्री शाम मल्होत्रा और साक्षी मल्होत्रा को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में दोनों ने सभी का धन्यवाद किया और भरोसा दिलाया कि वे इलाके के हर अच्छे काम में निवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की खूब सराहना की।

# बीवीएम, यूएसएन में किया गया यातायात जागरूकता दिवस का आयोजन

पंजाब/यूटर्न/20 अप्रैल। "नियम प्रतिबंध नहीं हैं; वे जीवन रेखाएँ हैं जो सड़क पर हमारी धड़कन को स्थिर रखती हैं।" इस गहरे विचार से प्रेरित होकर, भारतीय विद्या मंदिर, ऊधम सिंह नगर ने एक अत्यंत प्रभावशाली यातायात जागरूकता सत्र का आयोजन दिनांक 17 अप्रैल, 2026 को किया। जिसके माध्यम से जिम्मेदार और जागरूक नागरिक तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया।



# शायरी के अनोखे रंग में रंगा लुधियाना का नेहरू सिद्धांत केंद्र




लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। लुधियाना स्थानीय नेहरू सिद्धांत केंद्र में पंजाब और उत्तर भारत की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थाद्वतहजीब द कल्चर ऑफ लव सोसाइटी द्वारा एक प्रभावशाली उर्दू मुशायरे का आयोजन किया गया।

जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बारह शायरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में ए.के. शर्मा (आई.आर.एस. रिटायर्ड) मुख्य अतिथि के रूप में, कर्नल सुदेश भांगड़ा तथा सुशील गोयल (एम.डी. किंग एक्सपोर्ट्स) गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में तथा मनीष खजूरिया (डिप्टी जनरल मैनेजर, कोका कोला कंपनी) विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुखबीर टोनी की स्मृति में आयोजित इस मुशायरे की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर जनाब खुशबीर सिंह शाद ने की, जबकि मंच संचालन प्रसिद्ध शायर जनाब अजहर इकबाल ने अपने विशेष अंदाज में किया।

कार्यक्रम के आरंभ में तहजीब की स्टेज सचिव एवं शायरा छाया शर्मा ने संस्था के 18 वर्षों के सफर और उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया। उन्होंने आई.एम.सी., लीफोर्ड, परोड्ज, आंसल एस्टेट, शरमन जैन स्वीट्स, फॉरएवर 52, कोका कोला और शहंशाह आर्ट का विशेष सहयोग हेतु धन्यवाद किया।

Uturn Time 21 Apr 2026_Layout 2 20-04-2026 23:29 Page 4



# ऑपरेशन सेफ्टी: पंचकूला में बिना हेलमेट दुपहिया चलाने वालों के खिलाफ पुलिस की सख्ती, 110 दिनों में 5809 चालान काटे









पंचकूला:-पंचकूला में सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को सबक सिखाने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। सड़क सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताते हुए पंचकूला पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक विशेष अभियान छेड़ रखा है। इस अभियान के तहत विशेष रूप से उन दुपहिया वाहन चालकों को निशाने पर लिया जा रहा है, जो नियमों को ताक पर रखकर बिना हेलमेट सड़कों पर उतरते हैं।

पुलिस की इस सख्ती का उद्देश्य केवल जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि शहर की सड़कों को सुरक्षित बनाना और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी का भाव पैदा करना है। पंचकूला पुलिस विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 1 जनवरी से लेकर 19 अप्रैल तक पंचकूला पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले कुल 5809 दुपहिया वाहन चालकों के चालान काटे हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ये कार्रवाई केवल पारंपरिक नाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए ऑनलाइन और मैनुअल, दोनों तरीकों से चालान प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है। शहर के विभिन्न चौकों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और ट्रैफिक पुलिस की मुस्तैद टीमों के जरिए उन लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है जो कानून की अवहेलना को अपनी बहादुरी समझते हैं। इस संबंध में डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने वाहन चालकों को सख्त चेतावनी और अपील करते हुए कहा: बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाना सीधा मौत को बुलावा देने जैसा है, क्योंकि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में सिर पर चोट लगना जान जाने का सबसे बड़ा कारण बनता है। मेरी विशेषकर युवा पीढ़ी से यह पुरजोर अपील है कि सड़क पर निकलते समय होशियारी दिखाने की कोशिश न करें, आप न तो पुलिस की नजर बच पाएंगे और न ही अनहोनी से। हमारी ट्रैफिक टीमें 24 घंटे सतर्क हैं। वाहन चलाने वाला व्यक्ति हो या पीछे बैठा साथी, दोनों ही हेलमेट जरूर पहनें और अपनी जान की कीमत को समझें। याद रखें, घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक ने आगे बताया कि पुलिस की यह सख्ती आने वाले दिनों में और अधिक बढ़ने वाली है। उन्होंने शहरवासियों को सलाह दी है कि वे न केवल चालान के डर से, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

# डेराबस्सी मंडियों का दौरा, केंद्र की रियायतों से गेहूं खरीद में आई तेजी: संधू

## किसानों और आढ़तियों से मुलाकात कर जानी समस्याएं, एक हफ्ते में खरीद पूरी करने का दावा



डेराबस्सी/यूटर्न/20 अप्रैल। राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू और भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने सोमवार को डेराबस्सी की अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान दोनों नेताओं ने किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया।

मीडिया से बातचीत में संधू ने कहा कि बेमौसमी बारिश के कारण किसानों को हुए नुकसान को देखते हुए केंद्र सरकार ने तुरंत राहत कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर गेहूं खरीद के लिए जरूरी रियायतें दी गई, जिससे खरीद प्रक्रिया में तेजी आई है।

संधू के अनुसार, केंद्र सरकार ने पंजाब के लिए 35,000 करोड़ रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट पहले ही जारी कर दी थी, जिसके चलते अब तक करीब 39 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य करीब 1.22 से 1.25 करोड़ मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का है।

इस मौके पर गुरदर्शन सिंह सैनी ने कहा कि वह क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि मंडियों में लेबर की कमी और कहीं-कहीं बारदाने की समस्या को प्रशासन और आढ़तियों के सहयोग से जल्द दूर किया जा रहा है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और अगले एक सप्ताह में खरीद प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा।

इस दौरान भाजपा नेता मिंटा सैणी, गुलजार सिंह टिवाणा, मेजर सिंह परागपुर, गुरजंट सिंह, ढेरू लंबरदार, गुरमीत टिवाणा, बंसल और रिंकू जनतपुर समेत कई स्थानीय नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चंडीगढ़ को मिली डॉग एम्बुलेंस, अब सड़क पर घायल पशुओं को मिलेगी तुरंत मदद





चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। शहर में पशु कल्याण को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए चंडीगढ़ को समर्पित डॉग/स्मॉल एनिमल एम्बुलेंस मिली है। इसका शुभारंभ और फ्लैग ऑफ सांसद मनीष तिवारी ने सेक्टर-17 में किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। यह एम्बुलेंस सांसद निधि योजना के तहत सोसायटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स , चंडीगढ़ को उपलब्ध कराई गई है। इससे शहर के आवारा और बेसहारा पशुओं को तेज और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। पहले जहां एम्बुलेंस का उपयोग केवल पशुओं को रढउअ सेंटर तक पहुंचाने के लिए होता था, वहीं नई सुविधा के जरिए अब मौके पर ही घायल या बीमार पशुओं को प्राथमिक उपचार दिया जा सकेगा। गंभीर रूप से घायल जानवरों को तुरंत आपातकालीन सहायता मिलने से उनके बचने की संभावना भी बढ़ेगी। इस पहल से शहरवासियों को भी फायदा होगा। पशुओं से जुड़े संकट कॉल्स पर तेजी से प्रतिक्रिया मिलेगी, सार्वजनिक स्थानों पर घायल पशुओं की पीड़ा कम होगी और मोहल्ले ज्यादा सुरक्षित व संवेदनशील बनेंगे। सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि संवेदनशील शहरी प्रशासन में सभी जीवों की देखभाल शामिल होनी चाहिए। यह पहल ऐसे शहर के निर्माण की दिशा में कदम है, जहां इंसान और पशु सम्मानपूर्वक साथ रह सकें।

# सेक्टर 39 थाना पुलिस ने आरोपी को 12 ग्राम हेरोइन किया गिरफ्तार



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। सेक्टर 39 थाना पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद की गई है। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी (सिटी) के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में की गई। सेक्टर-39 थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार यह मामला एसआई करण सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि 19 अप्रैल 2026 को रात करीब 8:25 बजे वह अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ सेक्टर-38ए बस स्टॉप के पास गश्त पर थे। इसी दौरान उन्होंने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान सचिन पुत्र अशोक कुमार, निवासी मकान नंबर 1505सी, स्मॉल फ्लैट्स, धनास, चंडीगढ़ के रूप में हुई।

Uturn Time 21 Apr 2026_Layout 2 20-04-2026 23:29 Page 5



यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 अमेरिकी युद्ध कक्ष के रहस्य: ईरान ने विमान गिराया...

# केजरीवाल का कोर्ट में दावा, जस्टिस शर्मा के बच्चों के सरकार के साथ सक्रिय पेशेवर संबंध

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर उस जवाब को रिकॉर्ड पर लेने पर सहमति जताई, जो उन्होंने सीबीआई के उस जवाब के संबंध में दिया था, जिसमें जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा पर पक्षपात का आरोप लगाया गया था। केजरीवाल ने यह आरोप इस आधार पर लगाया था कि उनके बच्चे केंद्र सरकार के पैनल वकील हैं। केजरीवाल ने शराब नीति मामले में उन्हें बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका की सुनवाई से जस्टिस शर्मा के खुद को अलग करने की मांग की है। सीबीआई के इस रुख का विरोध करते हुए कि जस्टिस शर्मा के बच्चों ने कभी भी शराब नीति से जुड़े मामलों को नहीं संभाला है, केजरीवाल ने कहा कि ₹हितों का टकराव मौजूदा कार्यवाही में पहले से शामिल होने से नहीं, बल्कि अभियोजन पक्ष के साथ एक जीवित, सक्रिय और चल रहे पेशेवर संबंध के स्वीकार्य अस्तित्व से पैदा होता है।



## केजरीवाल ने हलफनामे में किए कई दावे

याद दिला दें कि केजरीवाल ने अपने अतिरिक्त हलफनामे में कहा था कि जस्टिस शर्मा के बच्चों को भारत के सॉलिसिटर जनरल द्वारा काम आवंटित किया जाता है, जो जस्टिस शर्मा के समक्ष सीबीआई की ओर से पेश हुए थे। उनके अनुसार, इससे जस्टिस शर्मा की ओर से पक्षपात की एक वाजिब आशंका पैदा हो गई, जिसके चलते उन्हें शराब नीति मामले में आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका की सुनवाई से खुद को अलग करना जरूरी हो गया। इसके जवाब में, केजरीवाल ने अब कहा है कि सीबीआई खुद यह मानती है कि केंद्र सरकार के कानूनी विभाग और जस्टिस शर्मा के करीबी परिवार के सदस्यों के बीच एक जीवित, जारी और सक्रिय पेशेवर रिश्ता मौजूद है।

## सीबीआई की दलीलों को जवाब में लिया जाए

वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से पेश हुए और अनुरोध किया कि सीबीआई की लिखित दलीलों के जवाब में दिए हलफनामे को रिकॉर्ड पर लिया जाए। इस अनुरोध का विरोध करते हुए, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि कानून में ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं है जो लिखित दलीलों के जवाब में जवाबी हलफनामा दायर करने की अनुमति देती हो। हालांकि, जस्टिस शर्मा ने केजरीवाल के जवाबी हलफनामे को लिखित दलीलों के रूप में ही मानने पर सहमति जताई और उसे रिकॉर्ड पर ले लिया, जज ने कहा।

## कोई नई दलील नहीं दे सकते

एसजी मेहता ने यह भी दलील दी कि जब कोर्ट किसी मामले को फैसले के लिए सुरक्षित रख लेता है, तो उसके बाद कोई नई दलील या दस्तावेज दायर नहीं किए जा सकते। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वह 13 अप्रैल को इस मामले की पूरी सुनवाई करेगा। केजरीवाल ने उस दिन अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं और उसके बाद कोर्ट परिसर से चले गए थे। इसके बाद, जस्टिस शर्मा के खुद को सुनवाई से अलग करने संबंधी आवेदन पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। बाद में, केजरीवाल ने एक अतिरिक्त हलफनामा दायर किया, जिसमें उन्होंने जस्टिस शर्मा के बच्चों को इस मामले से जोड़ा था। फैसला सुरक्षित रखने के बावजूद कोर्ट ने उस हलफनामे को रिकॉर्ड पर ले लिया था। एसजी ने दलील दी कि अब, एक बार फिर, AAP प्रमुख यह मांग करते हुए आए हैं कि उनके जवाबी हलफनामे को रिकॉर्ड पर लिया जाए, जबकि इस मामले में फैसला सुनाए जाने के लिए आज दोपहर 2 :30 बजे का समय निर्धारित है। हालांकि, जस्टिस शर्मा ने केजरीवाल की दलीलों को रिकॉर्ड पर ले लिया और फैसले की घोषणा का समय बढ़ाकर शाम 4 :30 बजे कर दिया।

# केजरीवाल मामले में जस्टिस शर्मा ने खुद को अलग करने से किया इनकार

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने सोमवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने CBI के



आबकारी नीति मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की मांग की थी। मैंने खुद को अलग करने से जुड़े कानूनी सिद्धांतों के बारे में बहुत कुछ सीखा है। मेरी ज़िंदगी में पहली बार किसी ने मुझसे खुद को अलग करने के लिए कहा है। लेकिन मैंने इसके बारे में बहुत कुछ सीखा। मुझे उम्मीद है कि मैं एक अच्छा फैसला दे पाऊंगी, जस्टिस शर्मा ने इससे पहले कहा था। इससे पहले केजरीवाल ने कहा था कि न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा ने आरएसएस के एक कार्यक्रम, अधिवक्ता परिषद में भाग लिया था और इसी वजह से उनके मन में यह संदेह पैदा हो गया है कि उन्हें इस मामले में न्याय नहीं मिलेगा।

# ममता आशु द्वारा नारी शक्ति वंदना एक्ट पर दिया बयान निंदनीय - प्रवीन बांसल

लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस नेता ममता आशु के नारी शक्ति वंदना एक्ट पर दिए बयान की निंदा करती है।



समाज ने देखा है कि कैसे महिला विरोधी कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों ने लोकसभा और विधानसभा में महिला वोटरों के लिए 33 परसेंट रिजर्वेशन बिल पास नहीं होने दिया। यह बात बीजेपी नेता प्रवीन बांसल ने कही। भाजपा नेता प्रवीन बांसल ने कहा कि इस बिल से जहां महिलाओं को ज्यादा प्राधिनतत्व मिलता, वहीं इसके साथ ही एससी, ओबीसी और दूसरी कैटेगरी का रिप्रेजेंटेशन भी बढ़ता। कांग्रेस हमेशा से सुधारों के खिलाफ रही है, चाहे वह आर्टिकल 370, जीएसटी, ट्रिपल तलाक, राम मंदिर यूसीसी वगैरह कोई भी मुद्दा हो। अगर कांग्रेस और विपक्ष में ममता आशु जैसी समझदार बहनें भी ऐसी बातें करतीं तो अफसोस होता। यह कमजोर और गुलाम सोच का एक बड़ा उदाहरण है। आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से शुरू करके सिलेंडर, स्वच्छता, घर, लख पति दीदी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना , तथा चार राज्यों में पहली बार मुख्यमंत्री और देश के आदरणीय राष्ट्रपति बनाने का काम पीएम नरेंद्र मोदी ने किया।

# अजीत हाउस का 'महा-पराक्रम': रस्साकशी के मैदान में गाड़े जीत के झंडे, दोनों वर्गों में बने चैंपियन!





-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/20/अप्रैल। जी.एच.जी. अकादमी के खेल प्रांगण में उस वक्त रोमांच अपने चरम पर पहुँच गया, जब अंडर-19 रस्साकशी प्रतियोगिता में चारों हाउसेज के बीच 'ताकत और तालमेल' का महासंग्राम छिड़ा। इस कड़े मुकाबले में अजीत हाउस ने अपने अदम्य साहस और बेजोड़ एकता का परिचय देते हुए इतिहास रच दिया।

**दोहरी जीत से रचा इतिहास:-** मैदान पर जब खिलाड़ियों ने जोर लगाया, तो दर्शकों की साँसें थम गई। लेकिन अजीत हाउस के इरादे फौलादी साबित हुए। शानदार रणनीतिक कौशल और टीम वर्क के दम पर अजीत हाउस ने:-छात्र वर्ग (Boys): में प्रतिद्वंद्वी टीमों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।छात्रा वर्ग (Girls): में भी अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

**जोश, जुनून और जज्बे का संगम...**प्रतियोगिता केवल शारीरिक शक्ति की नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता की भी थी। चारों हाउसेज के बीच हुई इस कांटे की टक्कर ने विद्यार्थियों में अनुशासन और खेल भावना का संचार किया। रस्सा खींचते समय खिलाड़ियों के चेहरे पर जीत का जो जुनून था, उसने पूरे माहौल को ऊर्जा से भर दिया।

# जीएमसीएच-32 में नव नियुक्त जॉइंट डायरेक्टर पालिका अरोड़ा का स्वागत



चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच), सेक्टर-32 में नव नियुक्त जॉइंट डायरेक्टर पालिका अरोड़ा का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जीएमसीएच-32 कॉन्ट्रैक्ट सुरक्षा कर्मचारी यूनियन (रजिस्ट्रेशन नंबर 589/2009) के पदाधिकारियों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। यूनियन की ओर से प्रधान जगजीत सिंह , जनरल सेक्रेटरी तालिब हुसैन , सीनियर उप-प्रधान सुरेंदर सिंह , उप-प्रधान भूपेंदर सिंह और कमेटी सदस्य Sushil मौजूद रहे। यूनियन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि पालिका अरोड़ा के नेतृत्व में कर्मचारियों के हितों, वेलफेयर और अधिकारों को नई मजबूती मिलेगी तथा कार्यस्थल पर बेहतर माहौल बनेगा। सलाहकार त्रिलोचन सिंह सैनी ने कहा कि कर्मचारियों को नव नियुक्त जॉइंट डायरेक्टर से काफी उम्मीदें हैं और उनके मार्गदर्शन में कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। अंत में यूनियन की ओर से नव नियुक्त जॉइंट डायरेक्टर को सफल और उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# श्री खाटू श्याम मंदिर कोहाडा में बही हरिनाम संकीर्तन की अविरल धारा

## संकीर्तन में श्याम बाबा का दर्शन पाने हेतु हर सप्ताह उमड़ता है भक्तों का जनसैलाब-निधि गुप्ता

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम मंदिर में साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन ट्रस्टी प्रदीप मित्तल,संदीप अग्रवाल,एल.आर.मित्तल, अनिल मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संकीर्तन में श्याम बाबा का गुणगान रुचि सिंगला,रिहांशी पटियाला वालो द्वारा किया गया ।संकीर्तन से पूर्व आचार्य दीपक पाण्डेय,पंडित करण उपाध्याय, पंडित राज तिवारी एवं पंडित केशव उपाध्याय द्वारा मंत्रोचारण से बाबा श्याम का पूजन किया गया ।संकीर्तन में धनंजय परिवार की ओर से बाबा का देशी व विदेशी फूलों से अलौकिक श्रंगार किया गया ।जो कि



आकर्षण का केंद्र रहा ।इस मौके पार्षद निधि गुप्ता ने कहा कि साप्ताहिक संकीर्तन में बाबा श्याम के दर्शन पाने हेतु हर सप्ताह भक्तों का जनसैलाब उमड़ता है ।बाबा के दर पर वही आते हैं जिन्हें बाबा आपने दर बुलाते हैं।

संकीर्तन की समाप्ति पर आयोजकों द्वारा आई हुई संगत को भंडारा प्रसाद वितरित किया गया ।इस मौके विजय गोयल, अभिषेक गुप्ता, मुनीश बाजारी,हरीश गर्ग,चंदेश्वर भारद्वाज, नरेश अग्रवाल,अतुल वालिया,सतीश मित्तल,संदीप गोयल,सुनील कुमार,रजत गोयल,तरसेम ,अजय गर्ग,प्रमोद गर्ग आदि ने बाबा श्याम के जयकारे लगाए।

# बलटाना में खाटू श्याम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य भजन संध्या व विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

## भजन गायिका आरती खन्ना अपने भजनों से श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

जीरकपुर/यूटर्न/20 अप्रैल। बलटाना धाम स्थित श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का माहौल है। इस पावन अवसर पर मंदिर कमेटी एवं बलटाना के समस्त श्याम प्रेमियों द्वारा 19 अप्रैल 2026 को शाम 6 बजे रामलीला ग्राउंड में भव्य भजन कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

मंदिर कमेटी ने जानकारी दी कि इस अवसर पर बाबा श्याम का दरबार फूलों के भव्य श्रृंगार से सजाया गया तथा 56 भोग अर्पित किए गए । कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई और प्रसिद्ध भजन गायिका आरती खन्ना अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। इसके साथ ही संगत के लिए विशाल भंडारे और शुद्ध मिनरल वाटर की व्यवस्था भी की गई ।





नेहा शर्मा ने बताया कि उनके नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में लगभग 11 भव्य भजन कीर्तन और भंडारे आयोजित किए जा चुके हैं। पिछले वर्ष बलटाना में पहली बार भव्य नगर कीर्तन का भी सफल आयोजन हुआ था।

बैठक में बलटाना मार्केट के प्रमुख दुकानदारों सहित मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष सहयोग दिया और अपनी-अपनी जिम्मेदारियां संभालीं।

नेहा शर्मा ने बताया कि 3000 से ज्यादा लोगों ने भंडारा ग्रहण किया उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी दुकानदार भाइयों एवं सभी श्रद्धालुओं का विशेष रूप से धन्यवाद भी किया।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

# आम इंसान पर ऐसे पड़ता है राजनीतिक प्रभाव

आज के समय में आम इंसान बहुत जल्दी राजनीतिक नेताओं की बातों में आ जाता है। इसका मुख्य कारण है जानकारी की कमी, भावनात्मक सोच और सामाजिक दबाव। जब कोई नेता जोशीले भाषण देता है, बड़े-बड़े वादे करता है या लोगों की भावनाओं को छूने की कोशिश करता है, तो आम जनता बिना पूरी सच्चाई जाने उस पर विश्वास कर लेती है। अक्सर देखा गया है कि लोग अपने व्यक्तिगत अनुभव और तर्क को एक तरफ रखकर भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं। वे यह सोचते हैं कि जो सब कर रहे हैं वही सही होगा। इसी कारण उनकी मानसिक स्थिति भी जल्दी बदल जाती है। नेता अपनी बातों से लोगों के गुस्से, डर या उम्मीदों को भड़काते हैं और उन्हें अपने पक्ष में कर लेते हैं। भोली-भाली जनता अपने जज्बातों को समझे बिना नेताओं के हाथों में सौंप देती है। वे यह नहीं सोचते कि उनके फैसलों का भविष्य पर क्या असर पड़ेगा। भावनाओं में बहकर लिए गए निर्णय अक्सर सही नहीं होते। इसलिए जरूरी है कि हर नागरिक जागरूक बने, सोच-समझकर निर्णय ले और किसी भी नेता की बातों पर आंख बंद करके विश्वास न करे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Family Court क्या होता है और यहाँ कौन-कौन से मामले चलते हैं?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

जब बात परिवार से जुड़े विवादों की आती है—जैसे तलाक, गुजारा भत्ता (maintenance), या बच्चों की कस्टडी—तो इन मामलों की सुनवाई सामान्य सिविल कोर्ट में नहीं, बल्कि विशेष रूप से बनाए गए Family Court में होती है।

**Family Court का उद्देश्य**

केवल फैसला देना नहीं, बल्कि विवाद को कम करना और संभव हो तो समझौता (settlement) कराना भी होता है। इसलिए यहाँ की प्रक्रिया अन्य अदालतों की तुलना में थोड़ी अलग और अपेक्षाकृत कम औपचारिक (less formal) होती है।

इन अदालतों में मुख्य रूप से Divorce (तलाक), Maintenance (भरण-पोषण), Child Custody (बच्चों की देखभाल), Restitution of Conjugal Rights (साथ रहने का अधिकार), और Domestic Violence से जुड़े मामले सुने जाते हैं।

Family Court में अक्सर शुरूआत में ही counseling या mediation की कोशिश की जाती है, ताकि पति-पत्नी के बीच विवाद को बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के सुलझाया जा सके। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि Family Court में मामले संवेदनशील होते हैं, इसलिए यहाँ गोपनीयता (privacy) का भी ध्यान रखा जाता है। कई लोग सीधे तलाक की ओर बढ़ जाते हैं, जबकि कानून पहले समझौते का अवसर देता है।

**निष्कर्ष:** Family Court केवल विवाद का समाधान नहीं, बल्कि संबंधों को संभालने का भी एक प्रयास होता है। सही जानकारी और उचित कदम से कई मामलों में समाधान सरल हो सकता है।

# जीरकपुर में योगिता श्री के दफ्तर का उद्घाटन, श्री हिंदू तख्त की बैठक आयोजित

## ज्योतिष व वास्तु सेवाएं देने की शुरूआत, संगठन विस्तार पर दिया जोर

जीरकपुर/यूटर्न/20 अप्रैल। जीरकपुर स्थित गोल्डन स्क्वेयर में सोमवार को योगिता श्री के नए दफ्तर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री हिंदू तख्त की एक अहम बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता Yogita Shri ने की।




कार्यक्रम में श्री हिंदू तख्त के राष्ट्रीय प्रचारक ऊ५ अ३ रँ१ मुख्य रूप से पहुंचे। उनके साथ संत सुखबीर दास, युवा उत्तर भारत प्रमुख निमेष राजपूत, मोहाली अध्यक्ष अंशुल गुप्ता, जीरकपुर अध्यक्ष रोहित गोयल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देव अमित शर्मा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि ब्रह्मलीन जगतगुरु पंचानंद गिरि महाराज के अनुयायी, जो उनके निधन के बाद निष्क्रिय हो गए थे, उन्हें दोबारा संगठन से जोड़कर सक्रिय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन के विस्तार के लिए लगातार नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जीरकपुर में खोले गए इस दफ्तर में ज्योतिष और वास्तु शास्त्र से संबंधित सेवाएं लोगों को उपलब्ध करवाई जाएंगी। साथ ही यह भी कहा कि कुछ लोग ज्योतिष का गलत इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, इसलिए सही जानकारी जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है।

देव अमित शर्मा ने जानकारी दी कि खरड़ स्थित दफ्तर में सप्ताह में दो दिन निशुल्क सेवाएं भी दी जाएंगी, ताकि लोग सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें और भ्रम से बच सकें।

इस मौके पर गुरमीत जी, उषा ठाकुर, रीना शर्मा, अनीता, सोनिया चौहान, श्रीमती गुप्ता, अनिल कुमार, अबरीश चौहान, डॉ. सतीश कौशिक, सोनू सेठी, हितेश पावा और अमन गुप्ता सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# गांधी ब्रदर्स की लाटरी से रिटायर्ड पोस्टमास्टर रातों रात बना करोड़पति, छह करोड़ की राशि जीती




लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। लुधियाना की गांधी ब्रदर्स लॉटरी एजेंसी से लॉटरी टिकट खरीदकर दिल्ली के रिटायर्ड पोस्टमास्टर रातों-रात करोड़पति बन गए। टिकट पर 6 करोड़ रुपए का इनाम निकला है। दिल्ली के पश्चिम विहार के रिटायर्ड पोस्टमास्टर ओमप्रकाश ने बैसाखी बंपर जीता है। ओमप्रकाश पिछले 30 वर्षों से लाटरी खरीद रहे थे। उन्होंने 1 अप्रैल को लाटरी गांधी ब्रदर्स की घंटा घर स्थित दुकान नंबर 55 से ये टिकट खरीदा था। 18 अप्रैल को बैसाखी बंपर का 6 करोड़ रुपए का उनका पहला इनाम निकल आया। पहला इनाम बी-सीरीज 520720 नंबर है। इस लाटरी को ओमप्रकाश ने 500 रुपए में खरीदा था। पोस्टमास्टर ओम प्रकाश ने कहा कि लुधियाना में उनके रिश्तेदार रहते है। वह अक्सर लुधियाना आते रहते है। पिछले 30 साल से लॉटरी खरीद रहे है। कई बार कूरियर के जरिए रिश्तेदारों से लॉटरी मंगवाते थे। मैंने लाटरी वाली एप्लीकेशन चेक की तो मुझे पता चला कि मेरा बंपर लग गया है। पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। मेरा बेटा मनोज प्राइवेट कंपनी में काम करता है। पूरा परिवार चौंक गया जब बंपर का पता चला।

## कांग्रेस ने स्वार्थ की राजनीति से महिला आरक्षण बिल को नहीं होने दिया पास - राकेश कपूर



लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। पीएम नरेंद्र मोदी महिला शक्ति को संसद और विधानसभा में प्रतिनिधित्व के लिए विधेयक लेकर आए। ये विधेयक वो विधेयक था, जिसके पारित होने से हमारी माता बहनों को 33 फीसदी आरक्षण मिलता। हमारी संस्कृति में महिलाओं को आगे बढ़ाना है। महिला आरक्षण बिल मील का पत्थर साबित होने वाला था। लेकिन कांग्रेस ने स्वार्थ की राजनीति से बिल को पास नहीं होने दिया। विपक्ष ने माताओं, बहनों के सपनों को चोट पहुंचाई। देश की आधी आबादी को उनका हक मिलना चाहिए था। लेकिन विपक्ष हमेशा नारी शक्ति के विरोध में खड़ा रहा। उक्त शब्द पंजाब भाजपा पेनालिस्ट राकेश कपूर ने लुधियाना देहाती के एक समारोह में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहे।कपूर ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी देश हित को लेकर किए जाने वाले हर फैसले का विरोध करती रही है। चाहे वो देश मजबूत करने का ही फैसला क्यों न हो ।कांग्रेस ने अनुच्छेद 370, यूसीसी, जीएसटी और ट्रिपल तलाक का भी विरोध किया। कांग्रेस की वजह के कारण ही भारत विकास नहीं कर सका। लटकाना, अटकाना, भटकाना कांग्रेस का सिद्धांत है। इस मौके पर जिला भाजपा महिला मोर्चा देहाती की अध्यक्ष सान्या शर्मा, सचिव ऋतु औलख, रीता गुलेरिया, श्वेता, पूनम, पल्लवी, तृप्ता, आशा, पिंकी, दीपिका, तनु, नैना रीता, श्रद्धा आदि मौजूद रहे।

## 39वां विशाल भगवती जागरण में प्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल व कुमार संजीव ने किया गुणगान



लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। लुधियाना में न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ व माता वैष्णों देवो चैरीटेबल अस्पताल की ओर से एस.ए.एन. जैन स्कूल दरेसी में 39वें विशाल भगवती जागरण करवाया गया। जागरण में प्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल व कुमार संजीव के मधुर भजनों पर झूमते रहे भक्तजन। जागरण में सर्वप्रथम सनातन धर्म गुरु पंडित अजय वशिष्ठ ने मंत्रोच्चरण किया तथा क्लब के सदस्यों ने पूजन करवाया। इस अवसर पर विधायक मदन लाल बग्गा, पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु, पूर्व विधायक सुरिंदर डावर, संजय तलवार, महेंदू बंपी, समाज सेवक दर्शन लाल बवेजा, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष गुरुदेव शर्मा देबी, विधायक पुत्र विकाश पराशर, पार्षद अमन बग्गा, पार्षद पति मनु जैरथ, दलित विकास बोर्ड के विजय दानव, चौधरी यशपाल, अंकित बांसल, राजू वोहरा, एसीपी सुमित सूद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय तलवाड़, अमित गोसाई, दविंदर जग्गी, विक्की डावर, राजीव टंडन, संदीप भापर गोरा, समाज सेवक संचित मल्होत्रा, मुकेश गौतम, महेश दत्त शर्मा, दीपू शर्मा, एडवोकेट हर्ष शर्मा आदि विशेष रूप से शामिल हुए। क्लब के प्रधान राजेश जैन बॉबी, चेयरमैन राजेश जैन मोनिका, इस मौके पर कलय के चेयरमैन राजेश जैन मोनिका, कपिल जैन, प्रधान राजेश जैन बाँबी, संदीप बहल, कपिल जैन, मदन मोहन सोनी, राजकुमार जैन, सुनील जैन बिट्टू,राजीव जैन, एडवोकेट रजनीश चांसल, अंकित जैन, हरविंदर हैप्पी, राकेश टंडन आदि मौजूद हुए।

## सराभा नगर स्थित OUZO रेस्त्रां मैनेजमेंट पर मामला दर्ज, देर रात तक ऊंची आवाज में चलाते थे डीजे

लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। लुधियाना के सराभा नगर स्थित OUZO रेस्त्रां की मैनेजमेंट द्वारा अपने कस्टमर्स को खुश करने के लिए रविवार देर रात तेज आवाज में म्यूजिक चलाकर आम जनता को परेशान किया जा रहा था। जिसके चलते इलाका निवासियों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। थाना डिवीजन नंबर पांच की पुलिस ने तृप्ता डालमिया की शिकायत पर रेस्त्रां मैनेजमेंट के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता तृप्ता डालमिया ने बताया कि सराभा नगर स्थित OUZO रेस्टोरेंट में देर रात बहुत तेज आवाज में संगीत बजाया जाता है। इससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। उनका पूरा परिवार परेशान है। कई बार रेस्टोरेंट प्रबंधकों को समझाया, लेकिन कुछ दिन उनकी बात का असर रहता फिर वही हालात बन जाते। पुलिस को दी शिकायत में कहा गया कि बार-बार म्यूजिक की तेज आवाज के कारण इलाके में रहने वाले लोगों को मानसिक तनाव और असुविधा हो रही है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच के बाद रेस्टोरेंट मैनेजमेंट के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।




## सिप अबेकस द्वारा कलर एंड क्लिक प्रतियोगिता 2026 का आयोजन



लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। जमालपुर क्षेत्र में सिप अबेकस की ओर से 'कलर एंड क्लिक प्रतियोगिता 2026' का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सैक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल,सेक्टर 39 के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल लगभग 1500 बच्चों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 900 बच्चों का चयन दूसरे राउंड के लिए किया गया। दूसरे चरण की थीम बच्चों पर आधारित रचनात्मकता रखी गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता और कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सिप अबेकस की ओनर नेहा सोनी ने बताया कि अबेकस सीखने से बच्चों में एकाग्रता (कंसंट्रेशन), फोकस और गणना (कैल्कुलेशन) की क्षमता काफी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में अबेकस बच्चों के दिमाग को एक्टिव रखने और उनकी मानसिक क्षमता को बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान बच्चों के माता-पिता के लिए एक विशेष नॉलेज सेशन भी आयोजित किया गया।

# फर्जी और भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट मामले में केस दर्ज, चंडीगढ़ पुलिस ने शुरू की जांच

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। सोशल मीडिया पर फर्जी, भ्रामक और आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने के मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला 19 अप्रैल 2026 को एक चंडीगढ़ निवासी की शिकायत के बाद सामने आया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि विभिन्न सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा एक वीडियो क्लिप और उससे जुड़े आपत्तिजनक टेक्स्ट को गलत पहचान के साथ वायरल किया जा रहा है। पोस्ट में अशोभनीय शब्दों और भ्रामक दावों का इस्तेमाल कर झूठा इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तैयार किया गया, जिससे किसी व्यक्ति की छवि को नुकसान पहुंचाने और सार्वजनिक शांति भंग करने का प्रयास किया गया। शिकायत में कहा गया कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति एक ट्रैवल व्लॉगर है, जिसकी पत्नी




नियमित रूप से सोशल मीडिया पर उनकी गतिविधियों से जुड़े अपडेट साझा करती हैं। संबंधित वीडियो भी महिला के सोशल मीडिया अकाउंट से मूल रूप से साझा किया गया था।

प्रारंभिक जांच के दौरान महिला ने पुलिस को दिए बयान में स्पष्ट किया कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति उसका पति है। इसके अलावा उसके पति और वीडियो में मौजूद दूसरी महिला के बयान भी दर्ज किए गए हैं। चंडीगढ़ पुलिस ने शिकायत के आधार पर सेक्टर-26 थाना में मामला दर्ज किया है। केस भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 196, 318, 336(1), 336(3), 336(4), 340, 353, 356 तथा आईटी एक्ट की धारा 66C, 66D और 67 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत में उल्लेखित सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# पनेशिया कर्मचारियों की ऐतिहासिक जीत, 13 साल बाद बहाली के आदेश

## लेबर कोर्ट मोहाली का फैसला, बकाया वेतन व लाभ सहित नौकरी पर लौटाने के निर्देश

लालड़ू/यूटर्न/20 अप्रैल। महाराणा प्रताप भवन, लालड़ू में सोमवार को पनेशिया बायोटेक कंपनी से निकाले गए कर्मचारियों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल-कम-लेबर कोर्ट, मोहाली द्वारा सुनाए गए ऐतिहासिक फैसले की प्रति कर्मचारियों के साथ साझा की गई। माननीय न्यायाधीश श्रीमती कमल वरिंदर द्वारा सुनाया गया यह फैसला कर्मचारियों के लंबे संघर्ष और एटक (AITUC) की कानूनी लड़ाई की बड़ी जीत माना जा रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए पंजाब एटक के उपाध्यक्ष Vinod Chugh ने बताया कि वर्ष 2013 में कर्मचारियों ने एकजुट होकर यूनियन का गठन किया था और अपनी मांगों को लेकर कंपनी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद प्रबंधन ने कथित तौर पर प्रतिशोध की भावना से 11 यूनियन नेताओं और 12 सक्रिय सदस्यों को नौकरी से निकाल दिया तथा उनका तबादला गुड़गांव कर दिया।

उन्होंने बताया कि 27 मार्च 2014 को



कंपनी ने सैकड़ों कर्मचारियों को भी अवैध रूप से बर्खास्त कर दिया था, जिसके खिलाफ कर्मचारियों ने लंबे समय तक संघर्ष किया।

विनोद चुघ के अनुसार अदालत ने कंपनी प्रबंधन की कार्रवाई को 'अनफेयर लेबर प्रैक्टिस' मानते हुए श्रम आयुक्त, पंजाब को निर्देश दिए हैं कि प्रबंधन के खिलाफ इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट, 1947 की धारा 25ळ और 25व के तहत कार्रवाई की जाए।

अदालत ने तबादला किए गए 23 कर्मचारियों को 100 प्रतिशत बकाया वेतन सहित तथा अन्य सैकड़ों कर्मचारियों को 50 प्रतिशत बकाया वेतन और सभी पूर्व लाभों के साथ तत्काल नौकरी पर बहाल करने के आदेश दिए हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2013 से लंबित वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ता और जनवरी से मार्च 2014 तक का बकाया वेतन भी देने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर यूनियन अध्यक्ष जसमेर सिंह राणा, पवन कुमार शर्मा और रमन कुमार ने कहा कि यह जीत लंबे संघर्ष और नेतृत्व की दृढ़ता का परिणाम है। कर्मचारियों ने विनोद चुघ को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया और संघर्ष में सहयोग देने वाले क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

# गुलमोहर एवेन्यू में गैस सिलेंडर में आग, सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

जीरकपुर/यूटर्न/20 अप्रैल। जीरकपुर के गुलमोहर एवेन्यू स्थित एक सोसाइटी में उस समय हड़कंप मच गया, जब किचन में चाय बनाते दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद लोगों की सतर्कता और सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार पवन कुमार जैन किचन में चाय बना रहे थे, तभी गैस सिलेंडर की पाइप में लीकेज होने के कारण आग तेजी से भड़क उठी। किचन में अन्य सिलेंडर भी रखे होने से धमाके की आशंका बढ़ गई थी। आग लगते ही वहां मौजूद लोगों ने तुरंत रजाई



डालकर सिलेंडर को ढक दिया, जिससे आग का प्रभाव सीमित हो गया और संभावित विस्फोट टल गया। इसके बाद पवन कुमार जैन ने तुरंत सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड को सूचना दी। गार्ड ने फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाने का प्रयास किया, जिससे आग को फैलने से काफी हद तक रोका जा सका। घटना के दौरान पूरे इलाके में धुआं फैल गया, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 20 से 25 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। फायर ऑफिसर राजीव कुमार ने बताया, सूचना मिलते ही तुरंत फायर टेंडर मौके पर भेजा गया और एक ही फायर टेंडर की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

# आईटी पार्क थाना पुलिस ने 14.1 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर को दबोचा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 14.1 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। यह कार्रवाई एसएसपी यूटी चंडीगढ़ कंवरदीप कौर के निर्देशों तथा एसपी (सिटी) के.एम. प्रियंका, आईपीएस के मार्गदर्शन में की गई। मामले में आईटी पार्क थाना प्रभारी मिनी भारद्वाज की टीम ने डीएसपी नॉर्थ-ईस्ट विजय सिंह की निगरानी में कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार रविवार को एसआई सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और गश्त पर थी। रात करीब 8:40 बजे जब पुलिस टीम एनआईसी पार्क, मनीमाजरा के पास पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा।




शक होने पर पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी ने अपने हाथ में पकड़ा प्लास्टिक पाउच फेंकने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने तुरंत कब्जे में लेकर जांच की। पाउच से 14.1 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान न्यू इंदिरा कॉलोनी निवासी विजय यादव के रूप में बताई। वह ग्रेजुएट है और पेशे से टैक्सी चालक बताया गया है। इस संबंध में थाना आईटी पार्क में एफआईआर नंबर 41 दिनांक 19 अप्रैल 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी विजय यादव के खिलाफ थाना आईटी पार्क और संबंधित न्यायालय रिकॉर्ड में पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। चंडीगढ़ पुलिस ने बताया कि मामले की आगे जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी नशे की सप्लाई चेन में किन-किन लोगों से जुड़ा हुआ है।

# राज्यपाल से मिले समाज सेवी , सेवा कार्यों पर हुई चर्चा



चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। सर्व रिथु सेवा फाउंडेशन के संस्थापक साजन शर्मा ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट कर फाउंडेशन की सामाजिक पहलों की जानकारी साझा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंद वर्गों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। भेंट के अवसर पर अलका कपूर, प्राचार्य मॉडर्न स्कूल , तथा प्रख्यात ज्योतिषाचार्य साक्षी ठाकुर भी मौजूद रहीं। सभी ने समाजहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यों को और गति देने की आवश्यकता पर जोर दिया। साजन शर्मा ने कहा कि हमारी फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाना है, विशेषकर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में। उन्होंने राज्यपाल को आगामी योजनाओं से भी अवगत कराया और मार्गदर्शन प्राप्त किया। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा के ऐसे कार्य दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं और इन्हें निरंतर आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

# पंजाब में बेअदबी मामलों की जांच के लिए नई एसओपी नियुक्त, एसएचओ मौके पर जाएगा, साजिश और फंडिंग तक जांच होगी

पंजाब/यूटर्न/20 अप्रैल। पंजाब में बेअदबी जैसे संवेदनशील मामलों की जांच को पंजाब पुलिस ने नई स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी की है। पंजाब ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (पीबीआई) द्वारा यह तैयार की गई है। इसके तहत जांच में फॉरेंसिक सटीकता, डिजिटल साक्ष्यों की सुरक्षा और समयबद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। डिजिटल बेअदबी से जुड़े नियमों या फंडिंग की भी जांच होगी। इन मामलों की एसएसपी व कमिश्नर निगरानी करेंगे। 60 से 90 दिनों में मामले की जांच कर चालान पेश करना जरूरी किया गया है।



## इन 6 प्वाइंटों पर पुलिस करेगी जांच

सूचना मिलते ही एसएचओ और जांच अधिकारी को बिना देरी किए घटना स्थल पर पहुंचना होगा। सबूतों की सुरक्षा के लिए घटना स्थल पर एक आंतरिक घेरा और भीड़ नियंत्रण के लिए बाहरी घेरा बनाना अनिवार्य है।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 'अंगों' (पन्नों) या अन्य धार्मिक प्रतीकों को केवल अधिकृत धार्मिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही और पूरी मर्यादा के साथ छुआ या स्थानांतरित किया जाएगा। हर घटना स्थल की हाई-रिजॉल्यूशन फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और मैपिंग की जाएगी। फॉरेंसिक टीमों को तुरंत बुलाया जाएगा। पुलिस केवल पकड़े गए व्यक्ति तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसके पीछे की साजिश और मास्टरमाइंड की भी जांच करेगी। सोशल मीडिया, डीपफेक वीडियो और भ्रामक पोस्ट की जांच के लिए अकउपकरणों का उपयोग किया जाएगा। इसमें बिटकॉइन या अन्य क्रिप्टोकरेंसी के जरिए होने वाली फंडिंग की भी जांच शामिल है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम: सकारात्मक सहयोग के बजाय विपक्ष ने जनता को भ्रमित किया - रेखा शर्मा

## महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने का ऐतिहासिक अवसर कांग्रेस ने गवायाँ - रेखा शर्मा

कुलदीप सैनी

पंचकूला/यूटर्न/20 अप्रैल। आज पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संदर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि यह अधिनियम देश की माताओं, बहनों और बेटियों को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है।



उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के अधिकारों को कभी दया का विषय नहीं माना, बल्कि इसे न्याय का विषय बताया है। यह विधेयक महिलाओं को उनकी निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करता है। सांसद ने कहा कि वर्षों तक महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व से वंचित रखा गया, जबकि वर्तमान सरकार ने दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कर देश की आधी आबादी को उनका अधिकार देने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और समान भागीदारी का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि 33% महिला आरक्षण, जैसा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है, परिसीमन प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसे अलग करने की भ्रामक कोशिश करना महिलाओं के अधिकारों को अनावश्यक रूप से टालने का प्रयास है।

यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करने का ऐतिहासिक अवसर आया, तब भी विपक्ष ने सकारात्मक सहयोग के बजाय भ्रम फैलाने की राजनीति को प्राथमिकता दी।

सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में स्पष्ट रूप से कहा था कि महिलाओं को उनका अधिकार दिया जा रहा है, कोई उपहार नहीं।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया था कि इस ऐतिहासिक विधेयक को पारित होने दें और इसका श्रेय भी लें, लेकिन विपक्ष ने इस सकारात्मक अवसर को ठुकरा कर महिलाओं के अधिकारों को पुनः टालने का काम किया।


## आंचल स्कूल सेक्टर 41 के छात्रों ने सीबीएसई की दसवीं कक्षा के नतीजों में शानदार किया प्रदर्शन



Manasvi Sharma



Arush



Ayan Goria



Ayan Goria

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। चंडीगढ़ के सेक्टर 41 स्थित आंचल इंटरनेशनल स्कूल की 10वीं कक्षा के सभी छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं-2026 में प्रथम श्रेणी (First Division) हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. शिवांगी रुद्राबीर ने कहा कि यह बेहतरीन नतीजा स्कूल के समर्पित स्टाफ की लगातार कोशिशों की वजह से ही मुमकिन हो पाया है। उन्होंने बताया कि छात्रा मानस्वी शर्मा ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ इन बोर्ड परीक्षाओं में टॉप किया (टॉपर), उनके बाद अनिकेत ठाकुर और अयान गोरिया ने 96.8 प्रतिशत, चिरंजीवी मिश्रा ने 96 प्रतिशत, आरुष ने 95.8 प्रतिशत, दिक्षिका रतूड़ी ने 95.5 प्रतिशत, जगजीवनजोत कौर ने 92.8 प्रतिशत, आदित्य राज ने 92.6 प्रतिशत, काहिल जिंदल ने 91 प्रतिशत और दिवजोत सिंह ने 90.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन को यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी हासिल की है। स्कूल मैनेजमेंट ने हर एक छात्र को उनकी सराहनीय उपलब्धियों और अच्छे अंक हासिल करने प्रति उनके पूरे जुनून के लिए बधाई दी, और भविष्य में भी ऐसी ही शानदार उपलब्धियां हासिल करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## पंजाब सरकार की 'नालायकी' के खिलाफ आर-पार की जंग



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/20/अप्रैल। पंजाब सरकार की नीतियों और लगातार हो रही अनदेखी से नाराज 'सफाई कर्मचारी एक्शन कमेटी पंजाब' ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कमेटी के महासचिव रमेश गैचंड ने कड़े लहजे में घोषणा की कि 06 मई से पूरे राज्य में 'काम-छोड़' हड़ताल शुरू की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पंजाब सरकार की होगी।

**सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप....**संगठन के मुख्य सलाहकार कुलदीप शर्मा ने कहा कि सरकार सफाई कर्मचारियों से किए गए वादे पूरे करने में पूरी तरह विफल रही है। जायज मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे वर्करों में भारी रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि अब सहनशीलता की हद पार हो चुकी है और संघर्ष ही एकमात्र रास्ता बचा है।

# नूरां सिस्टर्स के पिता उस्ताद मीर की हालत गंभीर, आर्थिक मदद की लगाई गुहार

पंजाब/यूटर्न/20 अप्रैल। जालंधर की मशहूर सूफी गायक जोड़ी नूरां सिस्टर्स के पिता उस्ताद गुलशन मीर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उस्ताद गुलशन मीर की तबीयत खराब होने के बारे में बताया गया है। शेयर वीडियो में लिखा है कि उस्ताद गुलशन की हालत गंभीर बनी हुई है। जालंधर के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन गुलशन मीर की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। इससे पहले भी उन्हें दिल संबंधी बीमारी के कारण स्टंट डलवाने के लिए भर्ती कराया गया था। ज्योति



नूरां के पति उस्मान ने भी पहले उनकी खराब सेहत की पुष्टि की थी। अब रितु मीर द्वारा साझा किए गए वीडियो में उनके पिता को अस्पताल के बिस्तर पर देखा जा सकता है, जिसमें उनकी पल्स और हार्ट बीट मॉनिटर को भी दिखाया गया है।

## मदद के लिए जारी किया क्यूआर कोड

उस्ताद गुलशन मीर के इलाज के भारी खर्च को देखते हुए साहिल मीर ने जनता से सहयोग मांगा है। सोशल मीडिया पोस्ट में साहिल नामक व्यक्ति का एक क्यूआर कोड शेयर किया गया है। ताकी लोगों की मददत से उस्माद गुलशन के लिए फंड जुटाया जा सके। हालंकि परिवार के तरफ से अभी तक कोई आधिकारित पुष्टि नहीं की गई है।

लेकिन लोगों द्वारा इस पोस्ट को देखने के मन में कई सारे सवाल खडे हो रहे है। लेकिन इंटरनेशनल लेवल पर नाम कमाने वाली 'नूरां सिस्टर्स' (ज्योति और सुल्ताना नूरां) की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# ट्रांसपोर्ट नगर की बदलेगी तस्वीर: सड़क रीकार्पेटिंग शुरू, पूरे एरिया के कायाकल्प की तैयारी

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। ट्रांसपोर्ट नगर में वर्षों से जर्जर पड़ी सड़कों की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। क्षेत्र में सड़क रीकार्पेटिंग कार्य का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। इस पहल से ट्रांसपोर्टरों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। प्रशासन ने इस परियोजना को प्राथमिकता देते हुए करीब ₹1.33 करोड़ की लागत निर्धारित की है। कार्य को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि इससे ट्रांसपोर्ट नगर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।



चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के चेयरमैन के.के. अबरोल और प्रधान जसबीर सिंह गिल के नेतृत्व में एसोसिएशन ने लंबे समय से इस मुद्दे को उठाया था। वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरसेम पुरी, महासचिव बलदीप सिंह (लक्की), सचिव जीत राम और कोषाध्यक्ष देशराज सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाना लंबे समय से लक्ष्य था, जो अब साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदलने की दिशा में ठोस पहल है।

इस कार्य की खास बात यह रही कि चंडीगढ़ प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कई बार क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सड़कों की बदहाली, जलभराव और अव्यवस्थित ट्रैफिक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। परियोजना में म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, बिजली विभाग, हॉर्टिकल्चर विभाग समेत विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों का सहयोग भी शामिल है।

सिर्फ सड़कें ही नहीं, बल्कि ड्राइवरों और श्रमिकों के लिए बुनियादी सुविधाओं पर भी काम किया जा रहा है। बैठने और विश्राम स्थल, कैंटीन, स्वच्छ पेयजल, रहने की व्यवस्था और जिम जैसी सुविधाओं की भी योजना बनाई गई है। स्थानीय ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद वाहनों की आवाजाही आसान होगी, दुर्घटनाएं कम होंगी, समय और लागत की बचत होगी। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर को आधुनिक और मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित करने का रास्ता भी साफ होगा।

# 'गार्डियंस ऑफ द रोड' थीम पर चंडीगढ़ पुलिस को मिलीं 55 नई गाड़ियां, चीफ सेक्रेटरी ने दिखाई हरी झंडी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। शहर में कानून व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में चंडीगढ़ पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। रविवार को पुलिस मुख्यालय, सेक्टर-9 में 'गार्डियंस ऑफ द रोड' थीम पर आयोजित भव्य फ्लैग-ऑफ समारोह में यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, आईएएस ने 55 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल को चंडीगढ़ पुलिस के आधुनिकीकरण और शहर में तेज, स्मार्ट व प्रभावी पुलिसिंग की दिशा में एक अहम उपलब्धि माना जा रहा है। नई गाड़ियों के शामिल होने से पुलिस की गश्त, ट्रैफिक कंट्रोल, इमरजेंसी रिस्पॉन्स और कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।







## 55 नए वाहनों से मजबूत हुआ पुलिस बेड़ा

चंडीगढ़ पुलिस के बेड़े में शामिल किए गए नए वाहनों में शामिल हैं :25 टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल, 5 रॉयल एनफील्ड बुलेट,20 होंडा एक्टिवा स्कूटर,2 प्रिजन वैन,2 रिकवरी वैन (अंडरलिफ्ट),1 रिकवरी वैन (प्लेटफॉर्म) इन वाहनों के जरिए शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस की पहुंच तेज होगी और मौके पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

## वरिष्ठ अधिकारियों की रही मौजूदगी

समारोह में यूटी चंडीगढ़ के गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़,चंडीगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा डीआईजी राजीव रंजन सिंह, डीआईजी सुमेर प्रताप सिंह, एसएसपी कंवरदीप कौर, एसपी मंजीत श्योराण, एसपी गीतांजलि खंडेवाल, एसपी के.एम. प्रियंका, एसपी अनुराग दरू सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जनता को मिलेगा सीधा फायदा

नई गाड़ियों के शामिल होने से आम लोगों को कई स्तरों पर सीधा लाभ मिलेगा ।घटनास्थल पर पुलिस की तेज पहुंच, ट्रैफिक प्रबंधन में सुधार ,सड़क सुरक्षा को मजबूती ,आपातकालीन सेवाओं में तेजी ,अपराध नियंत्रण में प्रभावी कार्रवाई ,कैदियों के सुरक्षित परिवहन की बेहतर व्यवस्था मिलेगी।

**हर क्षेत्र में दिखेगा असर...**नई मोटरसाइकिल और स्कूटर शहर की संकरी गलियों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त के लिए कारगर साबित होंगे। वहीं रिकवरी वैन खराब वाहनों और दुर्घटना की स्थिति में ट्रैफिक सुचारू रखने में मदद करेंगी। प्रिजन वैन कैदियों के सुरक्षित और व्यवस्थित ट्रांसपोर्ट में अहम भूमिका निभाएंगी।

**सुरक्षित और स्मार्ट चंडीगढ़ की दिशा में बड़ा कदम...**कार्यक्रम के अंत में वाहनों को औपचारिक रूप से रवाना किया गया। अधिकारियों ने इसे सुरक्षित, आधुनिक और नागरिक केंद्रित चंडीगढ़ की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया। चंडीगढ़ पुलिस की यह पहल साफ संकेत देती है कि आने वाले समय में शहरवासियों को और अधिक तेज, भरोसेमंद और आधुनिक पुलिस सेवाएं उपलब्ध होंगी।

## मुख्य सचिव ने सराहा पुलिस का प्रयास

मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने चंडीगढ़ पुलिस द्वारा आधुनिक संसाधनों को अपनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में पुलिसिंग को तकनीक और आधुनिक सुविधाओं से लैस करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस बेड़े के आधुनिकीकरण से शहर में त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली मजबूत होगी, अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी और नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर होगी।

# जनगणना 2027: कमलजीत सिंह पंछी ने स्व-गणना पूरी कर नागरिकों से भागीदारी की अपील की

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेक्टर-17 के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी ने जनगणना 2027 के तहत आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना प्रक्रिया पूरी कर नागरिकों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। इस दौरान उनके बेटे साहिबजोत सिंह ने भी सहयोग किया। पंछी ने सरकार द्वारा जनगणना प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्व-गणना प्रणाली नागरिकों के लिए सुविधाजनक, समय बचाने वाली और पारदर्शी व्यवस्था है, जिससे लोग अपने घर बैठे आसानी से इस राष्ट्रीय कार्य में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनगणना में सटीकता, विश्वसनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकती है। साथ ही यह प्रक्रिया नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सीधे योगदान देने का अवसर भी देती है।



कमलजीत सिंह पंछी ने चंडीगढ़ के व्यापारियों, दुकानदारों और शहरवासियों से अपील की कि वे आगे आकर जनगणना 2027 में सक्रिय भागीदारी निभाएं और आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व-गणना पूरी करें। उन्होंने कहा कि प्रभावी योजना निर्माण, विकास कार्यों और देश के मजबूत भविष्य के लिए जनगणना में जनभागीदारी बेहद आवश्यक है।

# सेक्टर 45 बुड़ैल की खराब सड़कें, सीवरेज और सफाई व्यवस्था को लेकर शादाब राठी ने सौंपा ज्ञापन

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। सेक्टर 45 स्थित बुड़ैल क्षेत्र में खराब सड़कों, सीवरेज जाम और बिगड़ी साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता एवं समाजसेवी शादाब राठी ने नगर निगम के स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान उन्होंने कुम्हार मोहल्ला सहित बुड़ैल के कई इलाकों की समस्याओं को विस्तार से रखा। खास तौर पर बिलाल मस्जिद के सामने वाली गली का मुद्दा उठाया गया, जिसे करीब डेढ़ महीने पहले खोदने के बाद अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



शादाब राठी ने बताया कि बुड़ैल के कई हिस्सों में लंबे समय से सीवरेज जाम, टूटी-फूटी सड़कें और नियमित सफाई न होने की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्यों को जल्द पूरा किया जाए, सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

शादाब राठी ने कहा कि बुड़ैल की जनता लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान है और अब इन समस्याओं का समाधान बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो जनता के हित में आगे भी संघर्ष जारी रखा जाएगा।

# कनाडा में पंजाबी के घर सवा करोड़ की चोरी, रोते हुए महिला बोली- 5 माह पहले मकान लिया, 2 मिनट में सब बर्बाद हुआ

जालंधर/यूटर्न/20 अप्रैल। कनाडा के मालटन शहर में पंजाबी फैमिली के घर से 2 मिनट के अंदर 1 करोड़ 39 लाख 53 हजार रुपए के गहने और सामान चोरी हो गया। घर की मालकिन ने बताया कि चोरी की घटना के वक्त हम बैसाखी के कार्यक्रम में गुरुद्वारा गए थे। इसी बीच आरोपी घर में किचन की खिड़की तोड़ अंदर घुसे और सारे गहने तकिए के कवर में भरकर ले गए। उन्होंने कहा कि जब हम वापस लौटे तो बेडरूम का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। इसके बाद हमने सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिसमें दो आरोपी भागते हुए नजर आए। महिला घटना के बारे में बताते हुए रोने लगी। आंसू पोंछते हुए उन्होंने बताया कि 10 साल से दिन-रात मेहनत कर कनाडा में 5 महीने पहले ही नया घर लिया था। इस घर में बुजुर्गों के दिए हुए गहने रखे



थे। चोरी का इतना दुख नहीं है, लेकिन बुजुर्गों ने बहुत प्यार से सबको गहने गिफ्ट किए थे वो चले गए।

### हम बैसाखी पर्व मनाने के लिए बाहर गए थे

हरमनप्रीत कौर ने बताया कि 14 अप्रैल को बैसाखी को लेकर कनाडा में भी पंजाब की तरह जश्न चल रहा था। जगह-जगह नगर कीर्तन निकाले जा रहे थे। इस दौरान वह भी परिवार के साथ बैसाखी मनाने के लिए बाहर गई हुई थी। इसी बीच चोर मौका देख घर के अंदर घुस गए। हम बैसाखी को लेकर बहुत खुश थे, लेकिन इस चोरी ने उनको अंदर तक तोड़कर रख दिया है।

### 2 मिनट में सारी जिंदगी की मेहनत ले गए

हरमनप्रीत कौर ने बताया चोर 2 मिनट तक ही घर के अंदर रुके। उन्होंने तकिए के गिलाफ में गहने लपेटे और निकल गए। चोरी करने के तरीके से लगता है कि वह घर से काफी हद तक वाकिफ थे। उन्होंने सीधा उसी अलमीरा की दराज को खोला जहां गहने रखे हुए थे।

# अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 3 आरोपी हथियारों सहित किए अरेस्ट, पाकिस्तानी तस्करों से जुड़े तार

अमृतसर/यूटर्न/20 अप्रैल। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़े एक अंतरराज्यीय और सीमा पार नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 6 पिस्तौल और 7 कारतूस बरामद किए हैं। बरामद हथियारों में एक पीएक्स5 .30 बोर, तीन .32 बोर और दो .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि आरोपी मध्य प्रदेश से अवैध हथियार खरीदते थे और सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान में बैठे तस्करों के संपर्क में थे। यह नेटवर्क सीमा पार से हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहा था और पंजाब में आपराधिक तत्वों तक इन हथियारों की सप्लाई कर रहा था।




### सिविल लाइंस थाने में FIR दर्ज, नेटवर्क को खत्म करने में जुटी पुलिस

पुलिस ने इस मामले में थाना सिविल लाइंस, अमृतसर में एफआईआर दर्ज कर ली है। फिलहाल जांच जारी है और पुलिस इस नेटवर्क के आगे और पीछे के सभी कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है, ताकि पूरे गिरोह का सफाया किया जा सके। पंजाब के DGP गौरव यादव का कहना है कि पुलिस संगठित अपराध और देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ अपनी ह्यजीरो टॉलरेंसह्न नीति पर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस तरह की कार्रवाई से न केवल अपराधियों में डर पैदा होगा, बल्कि आम जनता को भी सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। गौरतलब है कि इसे पहले भी कई तस्करों को जिला पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

# आम आदमी क्लिनिक पालदी और माहिलपुर की अचानक जांच

## आम आदमी क्लिनिकों के माध्यम से लोगों को दिया जाए पूरा स्वास्थ्य लाभः डॉ. मनदीप कमल

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/20 अप्रैल। स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल द्वारा आम आदमी क्लिनिक पालदी और आम आदमी क्लिनिक माहिलपुर की अचानक जांच की गई। जांच के दौरान समूचा स्टाफ ड्यूटी पर उपस्थित पाया गया और निर्धारित दवाइयों का स्टॉक भी आवश्यक मात्रा में उपलब्ध पाया गया।

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. मनदीप कमल ने स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि क्लिनिक में इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिकतम लाभ दिया जाए। उन्होंने जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं की ओर विशेष ध्यान देने के लिए कहा और गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करने के



निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के दौरान हाई रिस्क मामलों की अलग सूची तैयार करके उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं।


उन्होंने स्टाफ को यह भी निर्देश दिया कि क्लिनिक में इलाज के लिए आए सभी मरीजों का डेटा समय पर ऑनलाइन दर्ज किया जाए, ताकि विभाग को स्वास्थ्य योजनाएं तैयार करने के लिए सही आंकड़े प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि मरीजों के डेटा की समय पर एंट्री से बीमारियों की जल्दी पहचान हो सकती है और उनका इलाज समय पर करना आसान हो जाता है। सिविल सर्जन द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई का भी विस्तार से जायजा लिया गया और स्टाफ को सफाई की ओर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया।

इसके अलावा उन्होंने वैक्सीन के कोल्ड चेन प्वाइंट का निरीक्षण किया और बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट संबंधी निर्देश देते हुए कहा कि विभाग के निदेशों के अनुसार ही इसका निपटान सुनिश्चित किया जाए।

जांच के दौरान सिविल सर्जन डॉ. मनदीप कमल ने क्लिनिक में चेकअप कराने आए मरीजों से बातचीत भी की। मरीजों ने बताया कि उन्हें डॉक्टर द्वारा निर्धारित दवाइयां क्लिनिक में ही मुफ्त उपलब्ध हो जाती हैं और आवश्यक टेस्ट भी क्लिनिक में ही किए जाते हैं।

मरीजों द्वारा क्लिनिक में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति अपनी संतुष्टि व्यक्त की गई। सिविल सर्जन द्वारा क्लिनिक में दवाइयों के स्टॉक की भी जांच की गई और स्टाफ को निर्देश दिया गया कि दवाइयों के समाप्त होने से पहले ही समय पर इसकी मांग भेजी जाए, ताकि दवाइयों की लगातार उपलब्धता बनाए रखी जा सके और आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र का मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित था।

## बॉलीवुड हॉट अपडेट। लुक ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान




**Fatima Sana Shaikh** एक बार फिर अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। हाल ही में सामने आई उनकी तस्वीर में वह स्पोर्टी आउटफिट में बेहद फिट और कॉन्फिडेंट नजर आ रही हैं, जिसने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। फातिमा का यह सिजलिंग लुक उनकी टोंड फिगर और स्टाइलिश एटीट्यूड को बखूबी दिखाता है। खास बात यह है कि उनका यह अवतार न केवल ग्लैमरस है, बल्कि फिटनेस गोल्स भी सेट करता दिख रहा है। फैंस उनके इस अंदाज को काफी पसंद कर रहे हैं और कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफों की बौछार हो रही है। सोशल मीडिया पर यह तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है और युवाओं के बीच नया ट्रेंड बनती नजर आ रही है। फातिमा का यह हॉट और कॉन्फिडेंट लुक एक बार फिर साबित करता है कि वह सिर्फ बेहतरीन अदाकारा ही नहीं, बल्कि एक स्टाइल आइकन भी हैं।

# गाजीपुर रोड पर खेतों में लगी आग से जीरकपुर धुएं में घिरा

जीरकपुर/यूटर्न/20 अप्रैल। जीरकपुर के गाजीपुर रोड पर वीरवार शाम खेतों में गेहूं के नाड़ (अवशेष) में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग से उठते काले धुएं के घने गुबार ने आसमान को ढक लिया, जिससे आसपास की रिहायशी सोसायटियों में रहने वाले हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आग फैलने के साथ ही जहरीला धुआं हवा के साथ मोना ग्रीन्स और सावित्री ग्रीन-2 जैसी सोसायटियों तक पहुंच गया। हालात इतने खराब हो गए कि लोगों को अपने घरों के



दरवाजे और खिड़कियां बंद करनी पड़ीं।

स्थानीय निवासियों विशाल, अमित शर्मा, राजेश मल्होत्रा, संदीप सिंह, विकास गोयल, रमनदीप, मीनाक्षी, नेहा कपूर, अनिल वर्मा और सुनील दत्त ने बताया कि अचानक धुएं के कारण आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि इसका सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों और अस्थमा के मरीजों पर पड़ा। विशेषज्ञों के अनुसार, नाड़ जलाने से निकलने वाला धुआं हवा में हानिकारक कणों की मात्रा को तेजी से बढ़ा देता है, जिससे एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) खतरनाक स्तर तक पहुंच सकता है। पहले से ट्रैफिक और अन्य कारणों से प्रदूषण झेल रहे शहर में इस घटना ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

Uturn Time 21 Apr 2026_Layout 2  20-04-2026  23:29  Page 12



# अमेरिकी युद्ध कक्ष के रहस्य: ईरान ने विमान गिराया, युद्ध कक्ष में मची अफरा-तफरी में ट्रंप ने अपना आपा खोया

चंडीगढ़/यूटर्न/20 अप्रैल। जब ईरान ने अमेरिकी जेट को मार गिराया, तो खबरों के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप अपने सहयोगियों पर बुरी तरह भड़क गए थे, और अब ऐसा लग रहा है कि हर बीतते दिन के साथ उनकी घबराहट बढ़ती जा रही है। ट्रंप, जिन्होंने 2024 में व्हाइट हाउस में दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ते समय खुद को 'शांति-प्रिय राष्ट्रपति' के तौर पर पेश किया था, अब उन्हें अपने ही किए का फल भुगतना पड़ रहा है। जिमी कार्टर के बाद वह एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति थे जिन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान किसी नए युद्ध की घोषणा नहीं की थी। हालांकि, यह एक ऐसा नाम है जिसके साथ वह अपना नाम जुड़वाना बिल्कुल भी पसंद नहीं करते। लेकिन जल्द ही, ट्रंप खुद को नौ महीनों के भीतर दो बार युद्ध के बीच फंसा हुआ पाया और वह भी उसी विरोधी के खिलाफ, जिस पर कार्टर के राष्ट्रपति-काल को खत्म करने का आरोप लगता रहा है: ईरान।



## ट्रंप को कमरे से बाहर रखा गया

रिपोर्ट के मुताबिक, जब उन्हें पल-पल की खबरें मिल रही थीं, तब ट्रंप को उस कमरे से बाहर रखा गया था। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, उन्हें लगा कि ट्रंप की बेसब्री मददगार नहीं होगी, इसलिए उन्होंने ट्रंप को सिर्फ जरूरी मौकों पर ही जानकारी दी। पानी में गिरे ऋ-15 विमान के पायलट को तो तुरंत बचा लिया गया, लेकिन ट्रंप को अगले दिन शाम को जाकर पता चला कि वेपन सिस्टम्स ऑफिसर को भी बचा लिया गया है; हालाँकि, इस बचाव अभियान में अमेरिका को भारी कीमत चुकानी पड़ी और उसके कई विमान और हेलीकॉप्टर नष्ट हो गए। फिर भी, यह वैसा 'जिमी कार्टर वाला पल' नहीं था, जिसका उन्हें डर था।

## डर लगातार बढ़ता जा रहा

जहां एक ओर, 28 फरवरी को शुरू हुए मौजूदा अमेरिका-ईरान युद्ध को लेकर इस रिपब्लिकन नेता ने सार्वजनिक तौर पर एक तरह का बड़बोलापन (बहादुरी का दिखावा) दिखाया है, वहीं एक रिपोर्ट से पता चलता है कि जोखिम उठाने की उनकी हिम्मत अब जवाब दे चुकी है और उनका डर लगातार बढ़ता जा रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप अपनी सेना को खतरे में डालने के फैसले को लेकर अपने ही डर से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में इस मामले से जुड़े लोगों के हवाले से बताया गया है कि ट्रंप को यह डर सता रहा है कि कुछ अमेरिकी सैनिक घायल हो सकते हैं और कुछ शायद कभी घर लौटकर ही न आएं ठीक वैसे ही, जैसा कि युद्ध में शामिल रहे अन्य राष्ट्रपतियों के साथ होता आया है।

## ट्रंप अपने पुराने अंदाज में लौट आए

लेकिन जल्द ही, ट्रंप अपने पुराने 'टेडी रूजवेल्ट' वाले अंदाज में लौट आए। यह एक और साहसी दांव था, जिसका मकसद ईरान के सबसे बड़े ताकत के जरीए यानी हॉरमुज जलडमरूमध्य पर उसकी पकड़ को कमजोर करना था। ईस्टर की सुबह व्हाइट हाउस से सोशल मीडिया पर भड़कते हुए ट्रंप ने लिखा, ₹इस कमबख़्त जलडमरूमध्य को खोल दो, तुम पागल कमीनों, वरना तुम सब नरक में सड़ोगे। उन्होंने अपनी इस पोस्ट में यह भी जोड़ा, अल्लाह की तारीफ हो। इसके बाद उन्होंने एक और धमकी दी, जिसे अगर सचमुच अंजाम दिया जाता, तो वह एक 'युद्ध अपराध' माना जाता। उन्होंने कहा कि ₹आज रात एक पूरी की पूरी सभ्यता मिट जाएगी, और धमकी दी कि वह ईरान के नागरिक ढांचे को पूरी तरह तबाह कर देंगे।

## ईरान युद्ध के दौरान डोनाल्ड ट्रंप के अलग-अलग रंग

गुड फ्राइडे की एक दोपहर को डोनाल्ड ट्रंप का सबसे बड़ा डर लगभग सच ही साबित हो गया, जब उन्हें पता चला कि ईरान में एक अमेरिकी जेट को मार गिराया गया है और उसके दो पायलट (एयरमैन) लापता हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, वह घंटों तक अपने सहयोगियों पर चिल्लाते रहे; यूरोपीय सहयोगी देशों द्वारा मदद न किए जाने पर उन्हें कोसा; और सेना से तत्काल उन दोनों पायलटों को बचाने की मांग की। उस समय पेट्रोल की औसत कीमतें 4.09 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गई थीं। वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा उद्धृत सूत्रों के मुताबिक, 1979 के 'ईरानी बंधक संकट' की तस्वीरें, जिसे हाल के इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति-काल की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय नीतिगत विफलताओं में से एक माना जाता है। उनके जहन में बार-बार कौंध रही थीं।

## ट्रंप अपने रवैये के लिए मशहूर

ट्रंप अपने 'अपरंपरागत' और 'कट्टर' रवैये के लिए जाने जाते हैं। वह कभी आक्रामक तो कभी सुलह-सफाई वाले रवैये के बीच झूलते रहते हैं, और पर्दे के पीछे इस बात से जूझते रहते हैं कि हालात कितने ज्यादा बिगड़ सकते हैं। फिर भी, उन्होंने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से सलाह लिए बिना ही कई जोखिम भरे बयान दे डाले। जिनमें ईरानी सभ्यता को मिटाने की योजना वाली उनकी पोस्ट भी शामिल है। उनका मानना था कि अगर वह थोड़े 'अस्थिर' या 'पागल' से दिखेंगे, तो शायद ईरानी बातचीत के लिए राजी हो जाएँगे। एक बार तो उन्होंने यहाँ तक सोच लिया था कि उन्हें खुद को देश का सर्वोच्च सैन्य सम्मान मेडल ऑफ ऑनर दे देना चाहिए।

# ग्रोइंग रूट्स में खिले बचपन के रंग: श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल का 10वां जश्न यादगार बना

लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। लुधियाना में श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल, मॉल रोड ने अपने 10 सफल वर्षों की गौरवशाली यात्रा को ग्रोइंग रूट्स नामक भव्य एलुमनी मीट के साथ बड़े उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया। यह आयोजन एक भावुक पुनर्मिलन साबित हुआ, जिसमें पूर्व छात्र, अभिभावक, स्टाफ सदस्य और विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर को एक जीवंत उत्सव स्थल में परिवर्तित कर दिया गया था। बच्चों और उनके परिवारों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें लकड़ी के बोर्ड गेम्स, माई जिम द्वारा ऊजार्वान सत्र, बॉल पूल, डार्ट गेम, ट्रैम्पोलिन और इंटरैक्टिव लॉक गेम विशेष आकर्षण रहे। रचनात्मकता को बढ़ावा देते हुए बच्चों ने आर्ट एक्टिविटी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हाथों से फ्रिज मैग्नेट पेंट व डिजाइन किए। इस



अवसर पर एलुमनी बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें जैस्मिन पाहवा (संस्थापक, डू गुड फाउंडेशन, एवन साइकिल), सुव्रा नंद (सह-संस्थापक, डू गुड फाउंडेशन), अमन भाटिया (निदेशक, लर्नेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ लैंग्वेजेज), शैवी जैन (डायरेक्टर शैवी इंग्लिश हट), लखमिंदर कौर (संस्थापक, फिलैंथ्रॉपी क्लब), शुभांगी (ग्रोथ हब मार्केटिंग एजेंसी) तथा डॉ. स्वाति खुराना (कंसल्टेंट फिजिशियन एवं क्लीनिकल कार्डियोलॉजिस्ट) मुख्य रूप से शामिल हुए।

# एसजीपीसी बैठक में राजोआना मामले में विचार, गुरु रविदास जयंती मनाने को कमेटी गठित



अमृतसर/यूटर्न/20 अप्रैल। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) की अंतरिम समिति की बैठक आज अमृतसर में अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बलवंत सिंह राजोआना के मामले, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) में पंजाब के अधिकारों, धार्मिक आयोजनों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बलवंत सिंह राजोआना की फांसी की सजा को लेकर दायर याचिका पर अंतिम निर्देश श्री अकाल तख्त साहिब से मांगे जाएंगे। एसजीपीसी ने कहा कि यह याचिका पहले अकाल तख्त के आदेश पर ही दायर की गई थी, इसलिए अब आगे की दिशा भी वहीं से तय होगी।

**भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड में पंजाब के अधिकारों पर चिंता...** भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए समिति ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि पंजाब के अधिकारों के साथ अन्याय हो रहा है। एसजीपीसी ने स्पष्ट कहा कि पंजाब के पानी और संसाधनों पर राज्य के लोगों का पहला हक है और किसी भी तरह का नया नियम उनके हितों के खिलाफ नहीं होना चाहिए। गुरु रविदास जी का 650वां जन्म वर्ष के आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक सब-कमेटी के गठन को मंजूरी दी गई। यह कमेटी विभिन्न संगठनों और समुदायों के साथ मिलकर कार्यक्रम तय करेगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372